## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–21.09.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए भारत निर्वाचन आयोग की टीम 23 सितंबर को दो दिवसीय दौरे पर आएगी झारखंड।
- बीजेपी के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एक दिवसीय झारखंड दौरे पर पहुंचे चतरा, इटखोरी से की हजारीबाग प्रमंडलीय परिवर्तन यात्रा की शुरूआत।
- पश्चिम बंगाल सरकार ने झारखंड सीमा सील करने का आदेश लिया वापस, मैथन, जमशेदपुर और दुमका समेत अन्य इलाकों से जुड़ी सीमाओं पर मालवाहक वाहनों का परिचालन शुरू।
- सीबीआइ ने नीट यूजी–2024 पेपर लीक मामले में हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल समेत 6 लोगों के खिलाफ दायर किया आरोप पत्र।
- 16वीं झारखंड राज्य पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन रांची के खेलगांव में 23 से 25 सितंबर तक, 476 खिलाड़ी लेंगे भाग।

*******************

झारखंड में विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए भारत निर्वाचन आयोग की टीम 23 सितंबर को दो दिवसीय दौरे पर रांची आएगी। टीम में मुख्य चुनाव आंयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू सहित करीब एक दर्जन अधिकारी होंगे। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालयें को इसकी सूचना दे दी गई है। टीम यहां राष्ट्रीय और राज्य स्तर के राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेगी। इसमें भाजपा, कांग्रेस, झामुमो, राजद, आप समेत कई पार्टियों के प्रतिनिधि शामिल रहेंगे।

*******************

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज चतरा के ईटखोरी से हजारीबाग प्रमंडल परिवर्तन यात्रा की शुरूआत कर रहे हैं। वे चतरा के ईटखोरी हाईस्कूल मैदान में सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद रक्षामंत्री गढ़वा के नगर उंटारी सिंचाई विभाग मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। इधर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज हजारीबाग प्रमंडल परिवर्तन यात्रा के तहत झुमरी तिलैया से यात्रा की शुरूआत की। श्री मौर्य पलामू प्रमंडल परिवर्तन यात्रा के तहत गढ़वा के रंका हाई स्कूल मैदान में दोपहर ढाई बजे आयोजित जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

*******************

पश्चिम बंगाल सरकार ने झारखंड सीमा सील करने का आदेश कल देर शाम वापस ले लिया है। इसके बाद मैथन समेत जमशेदपुर, दुमका, जामताड़ा, पाकुड़ और बोकारो से लगी सीमाएं खोल दी गईं और वाहनों का परिचालन शुरू हो गया है। दोनों राज्यों के अधिकारियों के बीच हुई वार्ता के बाद झारखंड सीमा पर रोक हटाई गई।

*******************

झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि विधानसभा चुनाव के लिए अगले महीने के पहले सप्ताह में बीजेपी उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की जाएगी। श्री चौहान ने बताया कि इस महीने के अंत में पार्टी संकल्प पत्र जारी करेगी। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र के वायदे को पूरा करने के लिए कैलेण्डर भी जारी किया जाएगा।

*******************

विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने प्रचार और घोषणा पत्र कमेटी की घोषणा की। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय को प्रचार कमेटी और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की को घोषणा पत्र समिति का चेयरमैन बनाया गया है। प्रचार कमेटी में चेयरमैन समेत 37 और घोषणा पत्र कमेटी में 25 लोगों को शामिल किया गया है। संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल ने इस बात की सूचना दी।

*******************

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत पीआईबी रांची की ओर से दुमका के मसलिया प्रखंड स्थित राज्य कृत सर्वेश्वर यादव उच्च विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया गया। केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची के प्रमुख शाहिद रहमान ने स्वच्छता की महत्ता पर प्रकाश डाला।

*******************

कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता (सीजीएल) परीक्षा आज से शुरू हो गई है। इसमें 5 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए। परीक्षा में गड़बड़ी रोकने के लिए आज और कल सुबह आठ से दोपहर डेढ़ बजे तक मोबाइल इंटरनेट और मोबाइल वाईफाई बंद की गई है।

*******************

जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों की सुविधा के लिए रांची से भागलपुर, टाटानगर व पटना के बीच परीक्षा स्पेशल ट्रेनें चलेंगी। रांची–पटना परीक्षा स्पेशल आज रांची से 9 बजकर 40 मिनट पर खुल कर अगले दिन 07 बजकर 45 मिनट पर पटना पहुंचेगी। वहीं, पटना–रांची परीक्षा स्पेशल ट्रेन 22 सितंबर को पटना से आठ बजकर पैंतालीस मिनट पर खुलेगी। रांची–पटना ट्रेन 22 सितंबर को रांची से 9 बजकर 40 मिनट पर पटना के लिए रवाना होगी।

*******************

धनबाद में जिला प्रशासन द्वारा वित्तीय धोखाधड़ी तथा साइबर अपराध से लोगों को बचाने के उद्देश्य से लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

*******************

केन्द्रीय जांच ब्यूरो– सीबीआइ ने नीट यूजी–2024 पेपर लीक मामले में हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल समेत छह लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। सीबीआइ की ओर से दायर किया जानेवाला यह दूसरा आरोप पत्र है। इससे पहले इस मामले में 13 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया जा चुका है। वहीं, सीबीआइ इस मामले में अब तक कुल 48 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

*******************

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बाद अब 9वीं–11वीं के विद्यार्थियों के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू कर दी है। 16 अक्टूबर तक ऑनलाइन माध्यम से रजिस्ट्रेशन कराए जा सकते हैं।

*******************

चतरा जिले में वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने और भूमि पर होनेवाले वाली पोस्ते की खेती की रोकथाम के लिए बहुउद्देशीय पौधे लगाए जाएंगे।

*******************

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली से भारत–नेपाल मैत्री यात्रा टूरिस्ट रेलगाडी को रवाना किया। दस दिन की यात्रा के दौरान यह ट्रेन भारत और नेपाल के धार्मिक स्थलों पर जाएगी।

*******************

16वीं झारखंड राज्य पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन रांची के होटवार स्थित खेलगांव परिसर में 23 से 25 सितंबर तक किया जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्घाटन जैप वन मैदान में 23 सितंबर को खेलमंत्री मिथलेश ठाकुर करेंगे। प्रतियोगिता में कुल सात क्षेत्रीय टीमें भाग लेंगी। आईआरबी, एसआईआरबी और जैप के अलावा अन्य क्षेत्र की टीमों से 476 खिलाड़ी भाग लेंगे। इसमें हॉकी, कुश्ती, फुटबॉल, बास्केटबॉल, हैंडबॉल, कबड्डी, एथलेटिक्स समेत अन्य प्रतियोगिताएं होंगी।